## एक नजर में

### वार्षिक बोर्ड परीक्षा की पांचवी आठवीं की कापियों का मूल्यांकन कार्य प्रारंभ



**गोगावा, निप्र।** हाल ही में राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा बोर्ड पेटर्न पर आयोजित कराई गई गई कक्षा पांचवी एवम आठवी की वार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओ का मूल्यांकन कार्य शुक्रवार से मुख्यालय पर प्रारंभ हो गया है।खंड स्त्रोत समन्वयक अधिकारी विवेक शर्मा ने बताया कि जिले के दूरस्थ ब्लाक से आई उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य को आज से मुख्यालय पर किया जा रहा है जिसमे ब्लाक के लगभग दो सो शिक्षको इस कार्य के लिए तैनात किया गया है। जिसमे विषयवार शिक्षको द्वारा इन उत्तर पुस्तिकाओं को आज से जांचने का काम प्रारंभ कर दिया गया है शर्मा ने बताया कि बोर्ड की कक्षा पांचवी के चार विषयो की लगभग 15667 उत्तर पुस्तिकाए एवम कक्षा आठवीं के छ: विषयो की 14734 उत्तर पुस्तिकाए जांचने के लिए जिले के अन्य ब्लाक से मुख्यालय पर पहुंची है। इन उत्तर पुस्तिकाओं को मूल्यांकन कार्य में तैनात प्रत्येक शिक्षक द्वारा बारीकी से इस कार्य को किया जा रहा है।

### कलेक्टर ने महेश्वर में विभिन्न निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



**महेश्वर, निप्र।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने महेश्वर तहसील का दौरा कर विभिन्न विभागों के निर्माणाधीन एवं संचालित कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पर्यटन विभाग के सुविधा केंद्र, केरियाखेड़ी हैंडलूम भवन निर्माण, तहसील भवन निर्माण तथा अहिल्या फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सुश्री मित्तल ने संबंधित अधिकारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थल महेश्वर में आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने केरियाखेड़ी में बन रहे हैंडलूम भवन का भी अवलोकन कर स्थानीय बुनकरों को बेहतर कार्यस्थल और सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। इसके साथ ही तहसील भवन निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 7 मार्च को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, तीन दिवसीय 20 वें वार्षिक मेले का आयोजन



**भीकनगांव, निप्र।** खरगोन जिले के ऊन पावनगिरि जी में श्री दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र में 20 वां वार्षिक मेला एवं सहस्त्रकूट जिनालय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है 7 यह आयोजन 6 मार्च से 8 मार्च 2026 तक होने जा रहा है। सहस्त्र कूट जिनालय की बेदी प्रतिष्ठा एवं श्रीजी को विराजमान करने का कार्य आचार्य श्री विप्रणत सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में पंडित धर्मचंद जी शास्त्री, बाल ब्रह्मचारी अक्षय भैया एवं पंडित नितिन जी झांझरी के द्वारा संपन्न कराया जाएगा आयोजन मे 6 मार्च को विधान पूजा आरती एवम विभिन धार्मिक आयोजन 7 मार्च को अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन रात्री 8 बजे होगा जिसमें हास्य कवि अशोक नागर शाजापुर से, हास्य कवि मुकेश मनमौजी छपरा सिवनी से, वीर रस के कवि शहनाज हिंदुस्तानी जयपुर से, गीतकार धर्मेंद्र सोलंकी भोपाल से, डॉक्टर अंशुल आराध्या भोपाल से और जैन कवि वीरेंद्र विद्रोही ललितपुर से कविता पाठ करेंगे। तीन दिवसीय इस आयोजन में इंदौर बड़वानी खण्डवा खरगोन सनावद जयपुर मनावर धार व अन्य कई जगह के लोग हिस्सा लेंगे। मेले का समापन 8 मार्च को विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ होगा।



### 14 को नेशनल लोक अदालत, प्रचार वाहन किए रवाना



**खरगोन, निप्र।** नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को किया जा रहा है। इस लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण हो इस उद्देश्य से शुक्रवार को न्यायालय परिसर से प्रचार-प्रसार वाहनों को रवाना किया गया। नगर पालिका एवं विद्युत मंडल के वाहनों को जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकुमार यादव ने अभिभाषक संघ अध्यक्ष पवन बिल्लौरे की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। न्यायाधीश यादव ने बताया नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकृत प्रकरणों में दोनो पक्षों में मधुर संबंध बने रहते है। इसके साथ ही उनका समय एवं व्यर्थ की धनहानि की भी बचत होती है। इसी उद्देश्य से लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। अभिभाषक संघ अध्यक्ष श्री बिल्लौरे ने बताया अभिभाषक संघ भी अपने वादी- प्रतिवादी को इस लोक अदालत में समझौता योग्य प्रकरणों की आपसी सहमति से निराकरण करने के लिए प्रेरित कर सहयोग करेगा। इस दौरान न्यायाधीश मुकेश नाथ न्यायाधीश केपी मरकाम, सीजेएम गिरीश शर्मा, न्यायिक दंडाधिकारी रोहित वर्मा, न्यायिक दंडाधिकारी सविता वर्मा, न्यायिक दंडाधिकारी प्रियंका दांगी सहित अभिभाषक दीपक कानूनगो, विमल जैन, अजय डावर, विनोद भालसे, अजय भालसे, ब्रजेश यादव, राजेश गुजराथी, सायजा शेख, आकाश श्रीवास, संजय देवडे आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ सुदृढ़ बनाने के संकल्प के साथ किया

## एनटीपीसी खरगोन में कार्यक्रम की शुरुआत विश्वकर्मा मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुई

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** एनटीपीसी खरगोन में 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ सुरक्षा संस्कृति को और सुदृढ़ बनाने के संकल्प के साथ किया गया। इस वर्ष की थीम Engage, Educate & Empower People to Enhance Safety के अंतर्गत पूरे सप्ताह विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वकर्मा मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुई, जहाँ सभी कर्मचारियों और श्रमिकों की सुरक्षा एवं कुशलता के लिए प्रार्थना की गई। इसके पश्चात श्री मोहन वी., बीयूएच, एनटीपीसी खरगोन द्वारा सुरक्षा ध्वज फहराया गया, जो संगठन की सुरक्षित और जिम्मेदार



संचालन के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस अवसर पर श्री मोहन वी. तथा श्री गोल्ला राजा शेखर, जीएम (ओ एंड एम) ने उपस्थित कर्मचारियों और श्रमिकों को सुरक्षा शपथ दिलाई, जिससे कार्यस्थल पर उच्चतम सुरक्षा मानकों को बनाए रखने की सामूहिक प्रतिबद्धता दोहराई गई। कार्यक्रम में श्री अमित कुमार, जीएम (मेंटेनेंस) भी उपस्थित रहे। सप्ताह के कार्यक्रमों के



अंतर्गत सीडी बे से लॉन क्षेत्र तक एक सुरक्षा रैली का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों और श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सुरक्षा संदेशों के माध्यम से सुरक्षित कार्य वातावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### औपचारिक कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत एवं परिचय से हुई

इस अवसर पर श्री संजय कुमार, एजीएम (सेफ्टी) ने प्रस्तुति देते हुए स्टेशन के सुरक्षा प्रदर्शन, प्रमुख सुरक्षा पहल, महत्वपूर्ण आँकड़ों तथा खरगोन को प्राप्त सुरक्षा पुरस्कारों की जानकारी साझा की और सुरक्षा संस्कृति को मजबूत बनाने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए एम/एस सेनू इंजीनियरिंग द्वारा सड़क सुरक्षा पर एक सुरक्षा नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसने जिम्मेदार ड्राइविंग और यातायात नियमों के पालन का संदेश प्रभावी ढंग से दिया। इस अवसर पर सुरक्षा मानकों को बनाए रखने में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सुरक्षा पर्यवेक्षकों और श्रमिकों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का समापन संबोधनों के साथ हुआ, जिसमें सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक जिम्मेदारी, निरंतर जागरूकता और अनुशासित कार्यप्रणाली के महत्व पर बल दिया गया। उपस्थित गणमान्यजनों ने सभी कर्मचारियों और श्रमिकों को सतर्क एवं सक्रिय रहते हुए सुरक्षा को संगठन के मूल मूल्य के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## टहलने निकली बुजुर्ग पर कुत्तों ने किया हमला, रोजाना 8 से 10 लोग हो रहे शिकार



**खरगोन, निप्र।** शहर में कुत्तों का आतंक बरकरार है। आए दिन लोग इनके शिकार हो रहे है। ज्यादातर बुजुर्ग, बच्चे और महिलाएं इनके शिकार हो रहे है। गुरुवार देररात बीटीआई रोड़ पर घर से टहलने निकली एक बुजुर्ग महिला पर अचानक कुत्तों के झूंड ने हमला कर दिया। घायल महिला का जिला अस्पताल में उपचार कराया गया। जिला अस्पताल से मिली जानकारी अनुसार बीटीआई रोड निवासी नगर पालिका खरगोन की सेवानिवृत्त महिला कर्मचारी प्रतिभा मोडक को गुरुवार रात करीब 10.30 बजे जख्मी हालत में अस्पताल लाया गया था। उन्हें कुत्ते ने काटा था। कुत्तों के हमले का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। फुटेज में नजर आ रहा है कि महिला सुनसान सड़क पर टहल रही थी, इसी दौरान सड़क पर बैठे कुत्ते अचानक महिला पर झपट पड़े। बचने के प्रयास में महिला गिर गई। करीब 5 की संख्या में कुत्ते इकट्ठा हो गए। इसी दौरान क्षेत्र से गुजर रहे युवकों ने कुत्तों पर पत्थर फेंककर भगाया, जिसके बाद महिला ने राहत की सांस ली। उल्लेखनीय है कि पूर्व भी खरगोन में आवारा कुत्तों के हमले में दो मासूम बच्चियों की जान जा चुकी है और कई लोग घायल हो चुके हैं। उसके बाद भी नगर पालिका खरगोन के अधिकारी कर्मचारी लापरवाह बने हुए हैं।

## विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम का जिला स्तरीय आयोजन आज

**खरगोन, निप्र।** युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों, राष्ट्र निर्माण और समसामयिक विषयों पर अपने विचार व्यक्त करने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम 2026 का जिला स्तरीय आयोजन 7 मार्च 2026 को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरगोन में किया जाएगा। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी.एस. चौहान के मार्गदर्शन में आयोजित होगा। कार्यक्रम में जिले के वे छात्र-छात्राएं भाग लेंगे जिन्होंने माय भारत पोर्टल पर पंजीयन किया है। इस मंच के माध्यम से युवा विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। प्राचार्य डॉ. जी.एस. चौहान द्वारा कार्यक्रम के बैनर एवं पोस्टर का विमोचन किया गया। साथ ही जिले के सभी महाविद्यालयों में कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए, ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं इसमें भाग लेकर अपने विचार साझा कर सकें। बैनर एवं पोस्टर विमोचन के दौरान डॉ. डी.एस. बामनिया, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. एस.आर. डावर, डॉ. डी.आर. अकोले, प्रो. मनोज पाटीदार तथा विकसित भारत युवा संसद के जिला नोडल अधिकारी डॉ. सुरेश अवासे उपस्थित रहे।



जिला नोडल अधिकारी डॉ. सुरेश अवासे ने बताया कि जिले से अब तक 271 छात्र-छात्राओं ने पंजीयन कराया है तथा कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस अवसर पर महिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सावित्री भगौरे सहित छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

## साइबर अपराध और अफवाहों से बचाव के लिए किया जागरुक



**खरगोन, निप्र।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर विशेष व्याख्यान एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एसआई राजेंद्र अवास्या ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जीवन को उपयोगी बनाना आवश्यक है तथा पुलिस सेवा जिम्मेदारी और कर्तव्यनिष्ठा का कार्य है। उन्होंने विद्यार्थियों को अफवाहों से बचने, साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने और समाज में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने उनसे विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनके उन्होंने संतोषजनक उत्तर दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. जीएस चौहान ने कहा कि विद्यार्थियों में राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करना समय की आवश्यकता है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रेम कुशवाह, द्वितीय स्थान कपिल मंडलोई तथा तृतीय स्थान मनीष चौहान ने प्राप्त किया। अन्य प्रतिभागियों में रानी पटेल, खुशबू पटेलए चिंकी आवासे, नंदनी अरसे, राजनंदनी सेन एवं जीवन राठौर ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया। पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन एवं संचालन डॉ. प्रियंका दुबे ने किया। आभार प्रो. ओएस मेहता ने माना। डॉ. गणेश पाटिल सहित प्रो. पूजा चौधरी, प्रो्. शवानी कर्मा, प्रो. पुष्पेंद्र धाकड़ एवं प्रो. अलकेश रावत उपस्थित रहे।

## भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता पर विशेष व्याख्यान

**खरगोन, निप्र।** शासकीय विधि महाविद्यालय खरगोन में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ¼BNSS½ के प्रभावी क्रियान्वयन एवं नए कानूनी प्रावधानों की जानकारी देने के उद्देश्य से विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शासकीय विधि महाविद्यालय आगर मालवा के सहायक प्राध्यापक श्री चांदमल भालोट उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता श्री भालोट ने अपने संबोधन में आपराधिक न्याय प्रणाली में आए महत्वपूर्ण परिवर्तनों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नई संहिता में दंड की अपेक्षा न्याय को अधिक महत्व दिया गया है। साथ ही समन, वारंट और साक्ष्य संकलन की प्रक्रिया में तकनीक एवं इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों को कानूनी मान्यता प्रदान की गई है, जिससे न्यायिक प्रक्रिया में गति आएगी। उन्होंने जीरो एफआईआर, गिरफ्तारी से संबंधित नियमों तथा पीड़ितों के अधिकारों से जुड़े नए प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि नई संहिता में जांच



एवं न्यायिक प्रक्रिया के लिए निर्धारित समय-सीमा तय की गई है, जिससे लंबित मामलों की संख्या कम करने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह मंडलोई ने कहा कि कानून के विद्यार्थियों और भावी अधिवक्ताओं के लिए नए आपराधिक कानूनों की जानकारी अत्यंत आवश्यक है। व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर प्रश्न भी पूछे, जिनका मुख्य वक्ता द्वारा संतोषजनक समाधान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, स्थानीय अधिवक्ता एवं विधि विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन महाविद्यालय की आयोजन समिति द्वारा किया गया।

## प्रधान जिला न्यायाधीश ने जिले की 5 जेलों का किया निरीक्षण

**खरगोन, निप्र।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डलेश्वर श्री अखिलेश जोशी द्वारा जिले में स्थित विभिन्न जेलों का निरीक्षण कर विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने जिला जेल खरगोन, सब जेल कसरावद, सब जेल महेश्वर, सब जेल मण्डलेश्वर तथा सब जेल बड़वाह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश ने जेलों के विभिन्न बैरकों में निरुद्ध बंदियों के रहन-सहन, खान-पान, साफ-सफाई तथा स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने बंदियों से चर्चा करते हुए जमानत एवं अपील से संबंधित प्रकरणों की भी जानकारी प्राप्त की। साथ ही यह भी जांच की गई कि कोई ऐसा बंदी तो नहीं है जिसकी सजा पूर्ण हो चुकी हो और फिर भी वह जेल में निरुद्ध हो। निरीक्षण के दौरान सुश्री प्रीति जैन, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डलेश्वर, श्री चन्द्रेश मण्डलोई, जिला विधिक सहायता अधिकारी तथा संबंधित जेलों के जेल अधीक्षक उपस्थित रहे।

## सड़क अधिग्रहण को लेकर ग्रामवासियों ने दिया विधायक को ज्ञापन

**बड़वाह, निप्र।** धामनोद बायपास सड़क निर्माण के दौरान कृषि भूमि के अधिग्रहण और अधिग्रहण विसंगतियों को लेकर विधायक राजकुमार मेव को ग्राम कुसुम्या के निवासियों ने ज्ञापन दिया। ग्राम वासियों ने बताया कि हम ग्रामवासी इस जमीन के माध्यम से हमारा जीवन व्यापन करते हैं लेकिन सड़क निर्माण में जो मुआवजा दिया जा रहा है वह काम है। हम किसानों के पास यह समस्या उत्पन्न हो



जाएगी कि इस जमीन पर सड़क बनने के बाद हमारे बच्चे बेरोजगार हो जाएंगे इसलिए हम शासन से निवेदन करते हैं कि हमें शासन द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुसार ही मुआवजा प्रदान किया जाए। इस अवसर पर ग्राम कुसुम्भ्या के कई किसान उपस्थित थे।

**एक नजर में** — स्थानीय निवासियों ने विधायक राजकुमार मेव का फलों से तुला दान करते हुए सम्मान किया

# विधायक ने किए लाखों के विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन

**नवभारत न्यूज**

**महेश्वर, निप्र।** शुक्रवार को विधायक राजकुमार मेव ने नगर के विभिन्न समाज व मंदिरों में जीर्णोद्धार कार्यो के भूमि पूजन किये। विधायक राजकुमार मेव ने सुबह लगभग 11:00 बजे मल्हारगंज मोहल्ला स्थित श्रीराधा-कृष्ण मंदिर में 5 लाख की राशि से बनने वाले भवन का भूमिपूजन किया स्थानीय निवासियों ने विधायक राजकुमार मेव का फलों से तुला दान करते हुए सम्मान किया। वल्लभ विहार कॉलोनी में सभी कॉलोनी वासियों के साथ मांगलिक भवन 5 लाख की राशि का भी भूमि पूजन किया। विधायक ने पाटीदार समाज को धर्मशाला किचन निर्माण के लिए 5 लाख की राशि प्रदान की थी जिसका भूमि पूजन भी किया गया। इसी तरह राजपूत समाज में 5 लाख, जंबू ब्राह्मण समाज में 5 लाख का भूमि पूजन किया=। अंत में विधायक ने नागेश्वर मार्ग माली मोहल्ले में नाग मंदिर के जीर्णोद्धार का भूमि पूजन किया जहां वार्ड वासियों ने विधायक का पुष्पों से स्वागत कर तुलादान किया उपरोक्त कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल ने सभी कार्यक्रम में शासन की योजनाओं व महेश्वर में किया जा रहे विकास कामों से अवगत कराया इस अवसर पर भाजपा नेता राजेंद्र सराफ, दामोदरदास महाजन ,भूपेंद्र जैन, समी आमगा, व्यापारी संघ अध्यक्ष मथुरा लाल पाटीदार ,मनोज पाटीदार सिंधु जोशी,पत्रकार संघ अध्यक्ष अखिलेश पाटीदार, रामदास शर्मा, स्वप्निल गुप्ता, लखन ठाकुर, आरती पटेल, विक्रम यादव ,रवि चौहान, शैलेंद्र जैन, दिनेश यादव बबलू अंसारी, जीतू साकले ,चंदन बंडे, गोपाल महंत, सचिन चौहान सचिन वर्मा, भवानी सिंगारे, सत्यदेव बंधुके, नरेंद्र पांडिया, सावन तिवारी, दिनेश फुलकर, जितेन पटेल, अमित सोलंकी,भोलू सोलंकी, भीम सोलंकी, अजय गुर्जर, शुभम पाटीदार, राजेंन के साथ अन्य के समाज प्रमुख भाजपा व कार्यकर्ता का उपस्थित थे।

